कक्षा 11 एवं 12

Public education
Discover a world of opportunities

निबंध के शब्दों का विवरण

निबंध के शब्दों का विवरण

कोई निबंध लिखना शुरू करने से पहले, आपके लिए सवाल को समझना ज़रूरी होता है। ऐसा करने के लिए, आपके लिए निर्देश से सम्बन्धित शब्दों की पहचान करना ज़रूरी है – सवाल में शामिल वे शब्द जो आपको यह बताएँ कि क्या करना है। नीचे कुछ ऐसे आम निर्देश सम्बन्धी शब्दों की व्याख्या की गई है जो आप निबंध सम्बन्धी सवालों में पा सकते/सकती हैं।

निर्देश सम्बन्धी शब्द	अर्थ
विश्लेषण करना	मुख्य विचारों का पता लगाएँ, यह पता करें कि वे कैसे सम्बन्धित हैं और वे क्यों महत्वपूर्ण हैं।
आंकलन करना	यह जानने का प्रयास करें कि कोई चीज़ किस हद तक सही है। किन्हीं त्रुटियों और वितर्कों को दर्शाएँ। यह वर्णन करते हुए समापन करें कि क्या आप मूल स्थित से सहमत हैं या नहीं।
तुलना करना	दो वस्तुओं, अवधारणाओं या विचारों के बीच समानताओं और भिन्नताओं की पहचान करें। यह शामिल करें कि कौन सी समानताएँ और भिन्नताएँ अन्य समानताओं और भिन्नताओं से अलग हैं।
विषमता दिखाना	असमानताओं, अंतरों, अद्वितीय या विशिष्ठ विशेषताओं की पहचान करना।
सूक्ष्म रूप से आंकलन करना या आंकलन करना	इस बारे में राय प्रदान करना कि क्या किसी अनुसंधान के किसी भाग में दिया गया वक्तव्य सही है या नहीं और क्या आप इससे सहमत करते हैं या नहीं। ऐसा प्रमाण शामिल करना जो वक्तव्य से सहमत और असहमत होता हो। सबसे महत्वपूर्ण कारणों को सूचीबद्ध करके समापन करना और यह उचित ठहराना कि आप सहमत/असहमत क्यों हैं।
परिभाषित करना	अर्थ को स्पष्ट रूप से दर्शाएँ और विशिष्ट लक्षण, गुण व विशेषताएँ सूचीबद्ध करें।
वर्णन करना	इस बात का विस्तृत विवरण दें कि कोई चीज़ कैसे और क्यों घटित होती है।
चर्चा करना	वाद-विवाद के पक्ष में या इसके विरुद्ध अपनी बात कहना और अंतिम निर्णय तक पहुँचना। लाभ और हानियों को दर्शाना।
विस्तारपूर्वक प्रस्तुत करना	विषय के सम्बन्ध में और अधिक विवरण और जानकारी देना।
खोज करना	सवाल-जवाब करने वाला तरीका अपनाना और अलग-अलग प्रकार के दृष्टिकोणों पर ग़ौर करना
अर्थ लगाना	किसी मामले या विषय पर अपनी समझबूझ को दर्शाना।
उचित सिद्ध करना	यह वक्तव्य देना कि आपको ऐसा क्यों लगता है कि कोई चीज़ ऐसी क्यों है। अपना निष्कर्ष बयान करने से पहले ऐसे विचारों पर ग़ौर करके कारण देना और संतुलित दलील देनी जो आपके अपने विचारों के विपरित हों।
समीक्षा करना	महत्वपूर्ण बातों का संक्षेपण करना और ज़रूरत पड़ने पर इनकी आलोचना करना।
सार प्रस्तुत करना	संक्षिप्त संस्करण देना जिसमें मुख्त तथ्य शामिल हों और जो बेमतलब की जानकारी को शामिल न करता हो। इस प्रकार के जवाब के लिए संक्षिप्त और सामान्य उदाहरणें आम-तौर पर पर्याप्त होती हैं।

Department of
Education

education.wa.edu.au.

© Department of Education, Western Australia, 2015